छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

क्रमांक /वि.स./स्था./2019 रायपुर, दिनांक / /2019

// कार्यालय-आदेश //

आदेशानुसार, छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा के चतुर्थ सत्र के दौरान सत्र संबंधी आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु रविवार, दिनांक 24 नवम्बर, 2019 एवं 01 दिसम्बर, 2019 को कार्यालय समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक रहेगा तथा जिस दिन सभा की बैठक होगी, उन दिनों में विधान सभा सचिवालय का कार्यालय समय प्रात: 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक रहेगा, किन्तु यदि सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है तो कार्यालय का समय सभा की बैठक समाप्त होने के एक घण्टे पश्चात तक रहेगा ।

समस्त अधिकारी निर्धारित कार्यालय समय के पश्चात् प्रमुख सचिव महोदय की अनुमति प्राप्त कर एवं समस्त कर्मचारी निर्धारित कार्यालय के पश्चात् अपने प्रभारी अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर ही कार्यालय छोड़ेंगे ।

समस्त अधिकारी/कर्मचारी उन्हें प्रदायित ब्लेजर/सफारी में दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय आयेंगे । समस्त वाहन चालक /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किए गए निर्धारित ड्रेस, जूते एवं टोपी पहनकर ही कार्यालय में उपस्थित रहेंगे ।

सत्र के दौरान घड़ी चौक एवं सिद्धार्थ चौक जाने वाली बस का प्रस्थान समय कार्यालय समय के 30 मिनट पश्चात् तथा विजेता काम्पलेक्स जाने वाली मिनी बस का प्रस्थान समय कार्यालय समय के 01 घण्टे पश्चात् रहेगा ।

आदेश से,

(हस्ताक्षर)

संचालक
छत्तीसगढ़ विधान सभा